Title: Need to provide a special financial package to Bihar.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : अध्यक्ष महोदय, बिहार के बंटवारे के समय माननीय प्रधान मंत्री और गृह मंत्री जी ने कहा था कि बिहार को इसके कारण जो घाटा होगा, उसकी पूर्ति केन्द्र की ओर से की जाएगी और एक विशो आर्थिक पैकेज बिहार को दिया जाएगा, लेकिन प्रधान मंत्री के आश्वासन के बावजूद आज तक न तो बिहार का घाटा पूरा किया गया और न उसे विशो आर्थिक पैकेज दिया गया।

महोदय, बिहार में सात साल से घाटा चल रहा है। बिहार, बाढ़ से, सुखाड़ से, जल-जमाव से और जल-घटाव से बर्बाद हो रहा है, लेकिन केन्द्र सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं दी जा रही है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि सरकार अपने वचन का पालन करे और बिहार को आर्थिक पैकेज दे। बिहार को बाढ़ से, सुखाड़ से, जल-जमाव से और जल-घटाव से मुक्त कराए, बिहार को विशो राज्य का दर्जा दे और बिहार की समस्याओं का समाधान करने के लिए समुचित प्रयास करे।

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैंने भी इस पर अपना नाम दिया है। मैं भी इस विाय पर बोलना चाहता हूं। (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : पासवान जी, आपकी कॉलिंग अटेंशन नोटिस है। यदि आपको कॉलिंग अटेंशन नोटिस नहीं चाहिए, तो मैं इस पर बोलने के लिए आपको अभी समय दे देता हूं।

श्री राम विलास पासवान : सर, कालिंग अटैंशन तो चाहिए ही, इस पर भी बोलना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय : नहीं, ऐसा नहीं। हर पाइंट पर बोलने के लिए समय नहीं दिया जाएगा। यह टीक नहीं है। कृपया बैठिए।

सभापति महोदय : कृपया आप बैठ जाइए। क्रम-क्रम से सब को बुलाया जाएगा।

(व्यवधान)

सभापति महोदय : खुराना जी, आप बोल चुके हैं, अब मैंने श्री मुर्मू जी का नाम पुकारा है।